सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 16 | इंदौर, शनिवार 27 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## डिलीवरी के दौरान पता चला प्रसूता है नाबालिग

### पति समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। शादी के एक साल बाद मेडिकल अस्पताल आई प्रसूता की डिलीवरी के दौरान खुलासा हुआ कि प्रसूता नाबालिग है। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने इस जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने प्रसूता के पति सहित चार लोगों के खिलाफ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम व पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी अनुसार कटनी निवासी पंद्रह साल नौ माह की किशोरी का विवाह एक साल पहले मंझौली के ग्राम पड़वार निवासी गोलू भूमिया से हुआ था। विवाह के बाद नाबालिग ससुराल आई और पति के साथ रहने लगी। जब वह गर्भवती हुई और विगत दिनों उसे प्रसव पीढ़ा हुई तो उसे मंझौली के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। मेडिकल अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टर्स को पता चला कि गर्भवती नाबालिग है। डॉक्टर्स ने उसका प्रसव कराया और फिर गढ़ा पुलिस को सूचना दी। यह जानकारी मझौली पुलिस के पास पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने मामले में पति और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## ट्रेन से कूदे दो यात्री, दोनों की मौत, उबलती चाय गिरने से मची अफरा-तफरी के बीच हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। मध्य प्रदेश के सागर जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन से गिरकर दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब ट्रेन के जनरल डिब्बे में सफर कर रहे यात्रियों के ऊपर अचानक गर्म चाय गिर गई और इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई, इसी दौरान दो युवक कूद गए और जान से हाथ धो बैठे। इस बारे में जानकारी देते हुए GRP की इंस्पेक्टर बबीता कठेरिया ने बताया कि यह घटना सागर व बीना स्टेशन के बीच सुबह लगभग 6.30 बजे हुई। पुलिस के मुताबिक यात्रियों से खचाखच भरे जनरल डिब्बे में चाय बेचने के लिए चढ़े एक वेंडर ने गलती से फर्श पर बैठे व सो रहे यात्रियों के ऊपर खौलती हुई चाय गिरा दी। जिससे कि वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। इसी दौरान ट्रेन के दरवाजे पर बैठे दो लोग शायद डर गए और नीचे कूद गए। जिससे कि उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वेंडर के हाथ में चाय का जो थर्मस था उसका ढक्कन अचानक खुल जाने की वजह ये यह घटना हुई। इस दौरान डिब्बे में फर्श पर सो रहे विश्वनाथ (27) निवासी गोंडा, मनीष (25) निवासी महाराजगंज पुणे और दीपक (32) निवासी गोरखपुर के ऊपर चाय गिर गई। पुलिस ने बताया कि वेंडर के हाथों जिन लोगों पर चाय गिरी थी वे तीन यात्री भी झुलस गए हैं।

# गेहूं से सरकार की मुश्किलें बढ़ गई

## नागरिक आपूर्ति निगम पर हो गया 58 हजार करोड़ का कर्ज

### ◆ दोहरी मारःमिट्टी मिला 18 लाख टन गेहूं लेने से एफसीआई का इंकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मिट्टी मिला गेहूं खरीदने और पिछले तीन सालों से गोदामों में खराब हो रहे 1 लाख 80 हजार मीट्रिक टन गेहूं से सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालात यह है कि 18 लाख मीट्रिक टन गेहूं ऐसा है, जिसे भारतीय खाद्य निगम ने लेने से ही मना कर दिया है। नतीजा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए केंद्र के लिए प्रदेश में गेहूं की खरीद करने वाला खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम 58 हजार करोड़ रुपए का कर्जदार हो गया है।

हर रोज उधारी की राशि का 10 करोड़ रुपए तो ब्याज का ही भुगतान करना पड़ रहा है। ब्याज के भुगतान की राशि का इंतजाम करने में निगम को मुश्किलें हो रही है। इस स्थिति में वजह ढूंढी जा रही हैं कि आखिरकार निगम का कर्ज इतना कैसे बढ़ गया है



कि एनपीए की स्थिति बन गई है। बैंक भी कर्ज देने में असमर्थता जता रहे हैं।

दरअसल पिछले तीन सालों में सीहोर और रायसेन समेत अन्य जिलों में मिट्टी मिले गेंहू की खरीदी कर ली गई। अमानक स्तर के ऐसे 18 लाख टन गेहूं को भारतीय खाद्य निगम ने तो लेने से ही मना कर दिया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम को गेहूं की खरीदी तो मार्कफेड और वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन को गोदामों में भरे गेहूं का किराया देना मुश्किल हो रहा है। निगम के 58 हजार करोड़ रुपए के कर्जे में 12 हजार करोड़ रुपए की लेनदारियां तो केंद्र सरकार से हैं जो नहीं मिल पा रही हैं।

### ऐसे बढ़ रहा है खर्चा

चावल धान की मिलिंग के लिए राज्य सरकार ने मिलर्स को 210 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम से दिलवा दी है, जबकि प्रोत्साहन की राशि सामान्यतः मिलिंग न होने की स्थिति में की जाती है। प्रदेश में मिलिंग जोरों पर हो रही है और प्रोत्साहन राशि का 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया जाना है।

गेहूं की खरीदी में भंडारण के छह महीने किराए का भुगतान केंद्र सरकार करती है। यह राशि गोदाम के लिए 7.50 रुपए प्रति क्विंटल यानी 75 रुपए टन और ओपन में कवर्ड में रखे जाने वाले गेहूं के भंडारण की 50 रुपए टन का किराया मिलता है। प्रदेश में रायसेन, विदिशा, सीहोर और होशंगाबाद जिले में गोदाम पिछले तीन सालों से खाली नहीं हुए हैं, जिसका भुगतान राज्य सरकार को करना पड़ रहा है।

गेहूं खरीदी केंद्रों से भंडारण केंद्र की दूरी 3 से 7 किलोमीटर है, जिससे गेंहू के परिवहन का भुगतान पिछले सालों में करना पड़ा। इस साल गेहूं खरीदी केंद्र गोदाम में ही बनाए गए जिससे परिवहन की कास्ट कम हुई है।

### बहुत लेनदारियां बाकी हैं...

-निगम के कर्ज की बड़ी वजह हमारी बहुत सारी लेनदारियां बाकी हैं, जिसमें 12 हजार करोड़ रुपए केंद्र से ही चाहिए, जिसकी मांग की जाएगी। कई नवाचार करके पुराने खर्चों में कटौती की जा रही है। अकेले ट्रांसपोर्टिंग का मसला हल होने से 5 हजार करोड़ रुपए का घाटा कम होगा।

**-गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री, खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण**

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कारगिल दिवस पर एलान

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में देंगे आरक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने भी पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने का फैसला किया है। कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों से अपील की थी कि अपने यहां पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण दें। इस पर अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भी पुलिस और पीएसी में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। अभी तक मध्य प्रदेश में यह स्पष्ट नहीं है कि आरक्षण कितना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कहा कि सरकार अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देगी। उन्होंने एक वीडियो



संदेश जारी कर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार कारगिल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशानुसार निर्णय करती है कि हमारे यहां विभिन्न प्रकार की पुलिस, सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों जवानों को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। अग्निवीर जवानों की योजना सच्चे अर्थों में सेना के आधुनिकरण के साथ-साथ योग्य सैनिकों की भर्ती के अलावा वैश्विक स्तर पर सेना को युवा बनाने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल दिवस पर जो संकल्प लिया है, उसका पूर्णतः अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार उनकी भावनाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी।

### अग्निवीरों को लेकर मोदी ने कही थी यह बात

कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश का सामर्थ्यवान युवा भी मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएगा... मैं हैरान हूं कि कुछ लोगों की समझ को क्या हुआ है, उनकी सोच को क्या हो चुका है। ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन के पैसे बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी सरकार के शासनकाल में जो भर्ती होगा क्या उसे आज ही पेंशन देनी होगी? उसे पेंशन देने की नौबत 30 साल में आएगी और तब तो मोदी 105 साल का हो चुका होगा। मेरे लिए 'दल' नहीं 'देश' सर्वोपरि है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना, निरंतर योग्य बनाना है। सेना को लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बनाया। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए योग्य बनाए रखना है।

### बीएसएफ और सीआईएसएफ में 10 प्रतिशत आरक्षण

दो दिन पहले ही केंद्र सरकार ने बीएसएफ और सीआईएसएफ में अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। इस संबंध में फैसला दो हफ्ते पहले हो गया था। औपचारिक घोषणा बुधवार को हुई है।

### अग्निपथ स्कीम क्या है?

अग्निपथ योजना में चार साल के अनुबंध पर सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती किया जा रहा है। इन्हें ही अग्निवीर नाम दिया गया है। छह महीने की ट्रेनिंग के बाद तैनाती होती है। अग्निवीरों को प्रतिमाह 30 से 40 हजार रुपये वेतन दिया जाता है। उनके लिए सेवा निधि अंशदायी पैकेज भी बनाया गया है। इसमें मासिक वेतन का 30 प्रतिशत योगदान अग्निवीर करते हैं और उतनी ही राशि केंद्र सरकार मिलाती है। चार साल खत्म होने के बाद एकमुश्त राशि उन्हें दी जाती है।

# कांग्रेस ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

## बलात्कार के आरोप में घिरे पार्षद शानू शर्मा को अयोग्य घोषित करने की मांग

**इंदौर। वार्ड 82 के पार्षद और जोन 14 के अध्यक्ष बीजेपी नेता शानू शर्मा पर लगे दुष्कर्म के आरोपों को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शर्मा को पद के अयोग्य घोषित करने की मांग की है। कांग्रेस ने ज्ञापन देकर कहा कि हाल ही में वार्ड क्रमांक 82 के पार्षद शालू शर्मा उर्फ़ नितिन के खिलाफ पुलिस के द्वारा बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस पार्षद के द्वारा समय की मारी महिला की मजबूरी का फायदा उठाकर उसकी इज्जत से खेला गया।**

कांग्रेस ने ज्ञापन देते समय कहा कि यह निश्चित तौर पर शर्मनाक घटना है। इस घटना का चिंताजनक दृश्य यह है कि ज्यादिती की शिकार महिला को मुकदमा दर्ज कराने के लिए परेशान होना पड़ा। इस महिला का मुकदमा दर्ज नहीं किया जाए, इसके लिए पुलिस पर राजनीतिक दबाव बनाया गया। वहीं कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप तीन मांग रखी है। कांग्रेस की मांग है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, इस आरोपी को पार्षद पद से अयोग्य घोषित किया जाए और इस मुकदमे को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जाए ताकि अत्याचार से पीड़ित महिला को जल्द न्याय मिल सके।

### कांग्रेस ने चुनाव कराने की भी रखी मांग

कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि इंदौर नगर निगम का वार्ड क्रमांक 83 का पार्षद पद रिक्त है। इस वार्ड से कमल किशोर लडढा निर्वाचित घोषित किए गए थे। लडढा का 26 जनवरी 2024 को निधन हो चुका है। उनके निधन के 6 माह बीत चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक इस वार्ड के चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम में किए गए प्रावधान के अनुसार अधिकतम 6 माह की अवधि में नया निर्वाचन कर लिया जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा आपसे आग्रह है कि कृपया राज्य निर्वाचन कार्यालय में प्रस्ताव भेज कर उक्त चुनाव का कार्यक्रम शीघ्र अति शीघ्र घोषित करने का कष्ट करें।

# बारिश में सड़कों पर हुए गड्ढे जल्द भरे जाएंगे

## मंत्री तुलसी सिलावट ने दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बारिश में सड़कों के गड्ढों की वजह से जल जमाव हो जाता है। इस वजह से आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र में भी कई सड़कों पर ऐसी समस्या के कारण लोगों को परेशानी होती है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इन गड्ढों को भरने के निर्देश दिए हैं।**

जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने शुक्रवार को इंदौर में लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री सिलावट ने कहा कि बारिश में विधानसभा क्षेत्र सांवेर में सड़कों पर कई जगह गड्ढे होने के कारण जल-जमाव की स्थिति निर्मित हो रही है। इस वजह से दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। बैठक में इंदौर संभाग के मुख्य अभियंता सीएस खरत, अधीक्षक यंत्री एमएस रावत, कार्यपालन यंत्री एसएन सोनी, एसडीओ टीके जैन, शिवानी अकोदिया उपस्थित थे। बैठक में मंत्री सिलावट ने स्वीकृत सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

## बजट पर सेमिनार

# सीए ब्रांच के विश्लेषण सत्र में एक्सपर्ट्स ने बताया नफा नुकसान का गणित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बजट में आए इनकम टैक्स और जीएसटी में बदलावों पर इंदौर सीए शाखा और टैक्स प्रैक्टिशनर एसो. ने सेमिनार का आयोजन किया। इसमें 500 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उपस्थित थे। मुख्य वक्ता सीए मनीष डफरिया ने कहा, बजट में 99 बदलाव इनकम टैक्स में हुए हैं। सरकार 6 माह में इनकम टैक्स एक्ट में परिवर्तन की बात कर रही है, परंतु एक्ट जस का तस है।

इस बार नई टैक्स स्लैब तो बजट में आ गई, परंतु धारा 87-ए में टैक्स से मिलने वाली छूट में चेंज रह गया। इस बजट में सरकार ने वेतनभोगी करदाताओं को ऊंट के मुंह में जीरे के रूप में स्टैंडर्ड डिडक्शन नई स्कीम में 25 हजार से बढ़ा दिया है। चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए जो परिवर्तन किए उसकी जरूरत लंबे समय से थी। इस बार स्पष्ट कर दिया है कि रहवासी मकान को किराए से देकर होने वाली आय को व्यापार से होने वाली आय नहीं माना जा सकता। शेयर्स एवं म्यूचुअल फंड के विक्रय पर एसटीटी लगने के बाद भी टैक्स दर को बढ़ा दिया गया है।

इनकम टैक्स में कोई बड़ी राहत नहीं दी गई

सीए कीर्ति जोशी ने जीएसटी में आए बदलावों के बारे में बताते हुए कहा कि इस बजट में नॉन फ्रॉड केस में निकाले गए डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया गया है। इंदौर ब्रांच शाखा के अध्यक्ष सीए अतिशय खासगीवाला ने कहा कि पिछले वर्ष 8.61 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जिसमें से दो तिहाई से अधिक पर्सनल टैक्सपेयर्स ने न्यू टैक्स रेजीम को चुना। इस बजट में यह उम्मीद थी की बेसिक एक्सेम्पशन लिमिट को बढ़ाया जाएगा या होम लोन की छूट की सीमा को बढ़ाया जाएगा, लेकिन इनकम टैक्स में कोई बड़ी राहत नहीं दी गई।

# प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रशासनिक अधिकारियों को कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए। अपर कलेक्टर संपना लोवंशी ने संयुक्त कलेक्टर प्रिया वर्मा के अवकाश पर होने अतिरिक्त दायित्व सौंपे। इसमें संयुक्त कलेक्टर रोशनी वर्धमान को जनसुनवाई, सीएम एवं सीएम मॉनिट तथा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सीमा कनेश मौर्य को समाधान ऑनलाइन, ई-ऑफिस, पीजीआर,पेयजल ऑडिट, एनजीटी शाखा, चरित्र सत्यापन, मानव अधिकार आयोग एवं समस्त आयोग के पत्र तथा अल्पसंख्यक शाखा का दायित्व सौंपा गया है।

# कारगिल विजय दिवस पर लगाए गए 2 हजार पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा शिक्षा समूह इंडेक्स समूह संस्थान मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा कारगिल विजय दिवस पर वृक्षारोपण किया गया। इंडेक्स समूह संस्थान में छात्रों, शिक्षक और कर्मचारियों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 2 हजार से अधिक पौधे इंडेक्स समूह संस्थान के विभिन्न कॉलेजों के परिसर में लगाए गए। इससे पहले विद्यार्थियों व शिक्षकों सहित ग्रामीणों को पौधरोपण के संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई।

इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधों को अपने हाथों में पोस्टर के जरिए सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधे लगाकर प्रकृति का संतुलन बनाने में अहम् योगदान देते हुए ट्री गार्ड लगाने का संकल्प लिया। इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया, वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया व मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजीव नारंग के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से इंडेक्स समूह के एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अजय सिंह ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा के माँ नर्मदा मंडल अध्यक्ष सरपंच जोगिंदर सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह पटेल सहित विभिन्न शिक्षक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आजाद जयंती पर पुष्पांजलि एवं पौधारोपण

**बड़नगर।** शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर स्थानीय आजाद चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही यहां पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर संजय शर्मा, आनंद अनावड़िया, रितेश जैन, दीपक बरनासिया, अर्चित गोखरू, नितेश गौड़, मोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शंकराचार्य मठ में सावन के प्रवचन

# पानी यंत्र से ऊपर जाता है और मन मंत्र-जप से उर्ध्वगामी होता है- डॉ. गिरीशानंदजी महाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रामायण तमसा नदी के किनारे लिखी गई। वाल्मीकिजी ने स्वयं रामजी से कहा कि आपके जप से ही मैं आदि कवि बना। आपका नाम-जप ठीक से मुझे आता भी नहीं था, उलटा जपते-जपते ही मेरा कल्याण हो गया। पानी नीचे की तरफ बहता है और मन विषयों की तरफ जाता है, पर पानी यंत्र की सहायता से ऊपर चला जाता है और मन मंत्र जप से उर्ध्वगामी हो जाता है। एरोड्रम क्षेत्र में दिलीप नगर स्थित शंकराचार्य मठ इंदौर के अधिष्ठाता ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशानंदजी महाराज ने गुरुवार शाम को यह बात श्रावण मास के दौरान चल रहे रामचरित मानस के प्रवचन में कही।

मन में संचित कर्म पाप नहीं छोड़ने देते

महाराजश्री ने कहा कि व्यक्ति मंत्र जाप तो करता है, पर वह पाप करना नहीं छोड़ता, क्योंकि उसके प्रारब्ध से मन में संचित कर्म उसे पाप नहीं छोड़ने देते। महाभारत में दुर्योधन एक जगह भगवान श्रीकृष्ण से कहता है- जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः... यानी मैं धर्म के बारे में जानता हूं किन्तु मेरी उसमें प्रवृत्ति या रुचि नहीं है और मैं अधर्म के बारे में भी जानता हूं किन्तु उसमें मेरी निवृत्ति (छुटकारा) नहीं है। मतलब मैं जानता हूं कि पाप कर रहा हूं, अधर्म कर रहा हूं। न जाने मेरे अंदर बैठा हुआ देव यह पाप कर्म मुझसे करवा रहा है। इस श्लोक में भागवत के टीकाकार बड़ी दुविधा में पड़ जाते हैं, क्योंकि अंदर बैठा हुआ देव कभी पाप कर्म नहीं करा सकता। यह तो पूर्व जन्म का संचित पाप कर्म ही मन में बैठा है, जो पाप कराता है।

डॉ. गिरीशानंदजी महाराज ने कहा कि स्नान करने से शरीर शुद्ध होता है, दान करने से धन शुद्ध होता है, जाप करने से मन शुद्ध होता है। इस मलिन मन को मंत्रों द्वारा ही शुद्ध किया जा सकता है। रामायण का मतलब होता है मंदिर। और मानस का मतलब होता है सरोवर। सरोवर में व्यक्ति पवित्र होने जाता है और मंदिर में पवित्र होकर जाता है। तुलसीदासजी ने राम चरित मानस की रचना की, जिसे पढ़ने से जीव पवित्र होता है। पवित्र होकर ही वह वाल्मीकि की रामायण को समझ सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को रोज पांच दोहे रामचरित मानस के अर्थ सहित परिवार के साथ बैठकर पढ़ना चाहिए, क्योंकि जिस घर में रामचरित मानस का पाठ होता है, उस परिवार में कभी कलियुग नहीं आता। जहां कलह होती है वहीं कलियुग आता है।

### गोम्मटगिरि इंदौर के ट्रस्टी एवं पदाधिकारी मुनिश्री से मिले

**इंदौर।** भगवान बाहुबली दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र गोम्मटगिरि के ट्रस्टी एवं पदाधिकारी मुनि प्रमाण सागरजी महाराज से मिले और मुनिश्री को क्षेत्र के विकास और आगे की जानकारी दी। इसके साथ ही मुनिश्री से गोम्मटगिरि पधारने की विनती की। मुनि प्रमाण सागर महाराज ने विनय स्वीकार करते हुए चातुर्मास के दौरान आने की स्वीकृति प्रदान की।

# एमबीए-एमसीए में प्रवेश को लेकर पहली लिस्ट 8 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। MP MBA, MCA Counselling: प्रदेशभर में एमबीए-एमसीए में प्रवेश को लेकर डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (डीटीई) की ऑनलाइन काउंसिलिंग का पहला चरण चल रहा है। शनिवार को रजिस्ट्रेशन का अंतिम दिन है। पच्चीस दिन के भीतर 80 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है, जिसमें सीमेंट और स्नातक अंतिम वर्ष उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी शामिल है।**

**रजिस्ट्रेशन के बाद च्वाइस फीलिंग-** 27 जुलाई को पंजीयन बंद होने के बाद 31 जुलाई तक छात्र-छात्राएं अपने पसंदीदा कॉलेजों के लिए च्वाइस फीलिंग कर सकेंगे। प्राप्त आवेदन के आधार पर 3 अगस्त तक मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। उसके बाद डीटीई विद्यार्थियों को सीटें आवंटित करेंगा। यह सूची 8 अगस्त को जारी होगी।

**कोर एमबीए में रहेगी दिलचस्पी-** जुलाई पहले सप्ताह से एमबीए-एमसीए पाठ्यक्रम में पंजीयन के लिए लिंक खोली गई। विशेषज्ञों के मुताबिक पहले चरण में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईएमएस, आईआईपीएस से संचालित कोर एमबीए में विद्यार्थियों की प्रवेश को लेकर दिलचस्पी रहेगी।

# 86 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त

## बोलतों पर हरियाणा के टैग मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आबकारी ने खजराना क्षेत्र में एक आटो चालक के घर पर दबिश देकर भारी मात्रा में हाई रेंज की विदेशी शराब जब्त की है। ये शराब वह पार्सल के माध्यम से अन्य प्रदेशों से मंगाता था और फिर फोन पर मिले आर्डर के आधार पर उसकी डिलेवरी देता था। उसके घर से बरामद की गई शराब की बोलतों पर हरियाणा के टैग मिले हैं।**

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि अन्य राज्यों से कुछ लोग पार्सल के माध्यम से शराब मंगाकर इंदौर में बेचते हैं, विशेष टीम गठित की गई थी। टीम लंबे समय से अलग अलग स्थानों पर नजर रख रही थी। टीम को सूचना मिली कि खजराना क्षेत्र में रहने वाला शाहिद हाई रेंज की विदेशी शराब अन्य राज्यों से मंगाकर घर से उसकी बिक्री करता है। इस पर टीम ने उसे घर पर दबिश दी तो वहां सफेद बोरी में पैक बंद पार्सल बरामद हुआ जिसमें खोलकर देखने पर प्रत्येक पार्सल में 6-6 शराब की बोतल जिसमें जे सन, वैलेंटाइन, रेड लेबल,शिवास रीगल,ब्लैक एंड व्हाइट तथा एब्सलूट वोदा हाईरेंज की विदेशी मदिरा की करीब 86 बोतल बरामद हुई जिसकी कीमत करीब तीन लाख रूपए बताई जा रही है। आरोपी शाहिद के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर उसके अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जो शराब की बोतलें आटो चालक के यंहा से बरामद हुई हैं उनमें से अधिकांश में हरियाणा प्रदेश का टैग लगा हुआ था। हरियाणा में शराब मध्यप्रदेश की अपेक्षा में काफी सस्ती है यही वजह है कि वंहा से पार्सल के माध्यम से मंगवाकर यंहा बेचने का काम किया जा रहा था।

# शादीशुदा ने खुद को कुंवारा बताकर लूटी युवती की आबरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 15 साल के बेटे के पिता ने खुद को कुंवारा बताकर धोखाधड़ी करते हुए युवती से दोस्ती कर ली,उसने युवती को शादी का झांसा भी दिया। युवती को पता चला तो उसने संबंध तोड़े तब आरोपी ने युवती के घर पहुंचकर हंगामा कर दिया। युवती से मारपीट करते हुए उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और धमकी दी कि यदि मुझसे संबंध तोड़े तो जान से मार डालूंगा। भंवरकुआ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मामला चितावाद इलाके का है। देवास के कांटा फोड़ क्षेत्र की रहने वाली 22 साल की युवती की शिकायत पर आरोपी जय नारायण पिता रामनगांव निवासी नसरुल्लागंज सीहोर के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उससे प्रेम संबंध बढ़ाएं। खुद को अविवाहित बताया, बाद में पता लगा कि उसका 15 साल का बेटा है । युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उससे जमकर मारपीट की। उसका मोबाइल भी तोड़ दिया इसके बाद थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई।

# मंदिर जा रही वृद्धा की चेन लूटी

## फुटेज से बाइक सवारों की तलाश में जुटी पुलिस

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में एक बुजुर्ग महिला को गुरुवार सुबह लूट लिया। वह घर से मंदिर जाने के लिये निकली थी। इस दौरान बदमाश वारदात को अंजाम देकर चले गए। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। जिस पर बाइक सवार भागते हुए दिखे हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश कर रही है।**

पुलिस ने के मुताबिक मधु (60) पति प्रमोद कुमार गंगवाल निवासी सद्गुरु पैरेडाइज ने बताया ने बताया कि वह गुरुवार सुबह 6.30 बजे हाईलिंक सिटी में जैन मंदिर पर दर्शन करने जा रही थी। जब वह अमृत ग्रीन गार्डन गेट के पास पहुंची तो पीछे से दो युवक बाइक पर आए। गले में पहनी हुई सोने की चेन झपटकर सुपर कॉरीडोर की तरफ भाग गए। उन्हें पकड़ने के लिये मदद के लिये शोर मचाया। इसके बाद घर जाकर बेटे दीपक को पूरी जानकारी दी। उसके साथ थाने जाकर केस दर्ज कराया। एरोड्रम पुलिस को बाइक सवार बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। जिसमें बाइक से बदमाश जाते दिखे हैं। पुलिस अब उसके आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## स्टूडेंट का मोबाइल लूटा बाइक नंबर से पकड़ाया

भंवरकुआ में स्टूडेंट राम पंवार ने बताया कि वह बुधवार रात करीब 12 बजे संत नगर में अपने दोस्त राहुल मीणा के यहां जा रहा था। संत नगर में वह मोबाइल पर बात कर रहा था। तब बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे। एक बदमाश ने हाथ पर झपट्?टा मारा और मोबाइल छीनकर भाग। बदमाशों के भागते समय उनका बाइक नंबर टढ09श्छ3046 देख लिया। इसके बाद बाइक नंबर से लुटेरों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## कचरा गाड़ी वालों के बीच मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कचरा उठाने की बात को लेकर कचरा गाड़ी वालों के बीच में मारपीट हो गई। राजकिरन पिता फूलचंद अखंड (29) निवासी सोमनाथ की नई चालक की शिकायत पर संतोष के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि कचरा गाड़ी पर काम करने वाले हेल्पर संतोष ने गीला कचरा उठाने से मना कर दिया। इस पर उसने संतोष को बोला कि मैं दरोगा अमर से पूछ लेता हूं। इसी बात पर से संतोष गाली गलौज करने लगा। विरोद करने पर मारपीट कर दी। पत्थर उठाकर उसके सिर में मार दिया उसे चोट लगककर खून निकलने लगा। मौके पर आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो संतोष ने बोला कि आज तो बच गया। अब शिकायत की तो जान से खत्म कर दूंगा।

## पूजा कर रहे युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मंदिर में पूजा कर रहे युवक पर हमला करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। सूरज नगर में रहने वाले सुनील कौशल ने पुलिस को बताया कि देवपुरी कालोनी में रहने वाले संतोष जूनवाल कल्की धाम मंदिर में पहुंचा और वहां पर पूजा के दौरान आरती कर रहे हो नीलेश कौशल के हाथ पर दराते से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। इसी दौरान बीच बचाव करने वाले दिवस मालाकार के साथ भी आरोपी मारपीट कर दोनों को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस फिलहाल बदमाश की तलाश कर रही है।

# बाहरवाली के लिए घरवाली से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज यातना और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उसने सास पर भी आरोप लगाया है कि सास भी प्रताडित करती है। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला से संबंध है जिसको लेकर घर में विवाद करते हैं। बाणगंगा थाने में सोनू मालवीय निवासी न्यू दुर्गा नगर की शिकायत पर उसके पति धर्मेंद्र मालवीय और सास शकुंतला के खिलाफ प्रकरण किया गया है। पीडिता को पिछले दिनों अचेत हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया था, वहीं पर पुलिस ने उसके बयान लिए तो उसने बताया कि पति धर्मेंद्र का व्यवहार कुछ दिनों से बदल गया है। पता लगा कि धर्मेंद्र किसी अन्य महिला से प्रेम संबंध में है। सोनू ने अपने पति को इस बात के लिए रोका टोका तो धर्मेंद्र नाराज हो गया और मारपीट करने लगा। वह उससे तलाक मांगने लगा। सोनू ने इस बात की शिकायत अपनी सास शकुंतला से की तो वह भी बेटे का साथ देते हुए बहू को प्रताडित कर रही थी। पिछले दिनों जब बहुत ज्यादा उसे प्रताडित किया गया तो वह घर में ही बेहोश हो गई। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था वहीं पर पुलिस ने बयान लिए और केस दर्ज किया है।

# खेल दिखाने के बहाने रैकी करते हुए आरोपी यहां डकैती की वारदात करते थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में डेरा डालकर खेल दिखाने के बहाने रैकी करते हुए आरोपी यहां डकैती की वारदात करते थे। ग्रामीण पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को रतलाम से पकडा। डकैतों के और साथियों की जानकारी मिली है। उनसे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी उमाकांत चौधरी के मुताबिक 13 जुलाई को महंत अमृतगिरी महाराज के साथ मारपीट करते हुए लूट की वारदात हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने बाणगंगा में कमलदास महाराज के आश्रम में वारदात की थी। शहरी पुलिस के साथ ग्रामीण पुलिस भी इस वारदात को लेकर सक्रिय थी। जिसमें 15 कैमरों के फुटेज निकाले गए। इस दौरान साईकिल पर दो आरोपियों के फुटेज मिले। उनकी पहचान के लिए पुलिस रतलाम तक पहुंची। जिसमें दो आरोपियों को पकड़ा गया। इनकी पहचान मोहम्मद गुलाम अली और साहिल उर्फ मुजार हुसैन है। जबकि सलीम उर्फ अब्दुल भंवर पुत्र मुजार हुसैन, फिला पुत्र मोहम्मद अली ,विक्की उर्फ नक्से हसन पुत्र मुजाह हुसैन,अमन पुत्र विक्की हुसैन फरार है। आरोपी डेरे में रहते हैं और अलग-अलग शहरों में खेल दिखाकर गुजर बसर करते हैं। खेल दिखाने के दौरान ही वह रैकी करते हुए डकैती, लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई थानों की पुलिस काफी दिनों से मेहनत कर रही थी।



# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को उम्रकैद

## बाल कल्याण समिति ने की थी शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाल कल्याण समिति की शिकायत पर संयोगितागंज पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पकड़ा था। मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सविता जडिया ने आरोपी सोनू करोसिया को उम्रकैद और 4500 रुपए का अर्थदंड किया है। साथ ही पीड़िता के परिजनों को 2 लाख रुपए प्रतिकर के रुप में दिलाने का आदेश दिया। प्रकरण में पैरवी पैरवी विशेष लोक अभियोजक संजय मीणा ने की।

अभियोजन के अनुसार, 14 दिसम्बर 2021 को बाल कल्याण समिति सदस्य ने शिकायत की थी कि नवलखा बस स्टैंड के पास रहने वाली पीड़िता के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया गया है। जब पुलिस पीड़िता के पास पहुंची तो उसने बताया कि वह, छोटी बहन एवं मां अटाला बीनते हैं। जब मां अटाला बीनने जाती थी, तब घर से दूर कॉम्प्लेक्स के सामने सोनू अपनी झोपड़ी में दोनों बहनों को बुलाकर दुष्कर्म करता था। सोनू गलत काम करने के बाद उसे 10 रुपए देकर भगा देता था और उसे धमकाया था कि यह बात किसी को बताई तो दोनों बहनों को जान से मार देगा। पुलिस द्वारा पेश किए गए चालान, पीड़िता के बयान को विश्सनीय साक्ष्य मानकर कोर्ट ने उक्त सजा सुनाई।

# खुद को कुंवारा बताने वाला 15 साल के लड़के का पिता निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने एक अस्पताल की स्टाफ नर्स के साथ छेड़छाड़ करने,मारपीट करने के मामले में परिचित आरोपी पर केस दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को कुवारा बताकर उससे दोस्ती की थी।**

भंवरकुआ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक निजी अस्पताल की नर्स की शिकायत पर पुलिस ने जयनारायण पुत्र फादाराम नरगावे निवासी ग्राम झाला नसरूल्लागंज के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि 2021 में उसकी पहचान दोस्त के माध्यम से जयनारायण से हुई थी। दोनों की मोबाइल पर बात होने लगी। जय ने प्रपोज किया और कहा कि तुम पंसद हो और तुमसे शादी करूंगा। जय पर विश्वास किया और भरोसा करती रही। करीब डेढ़ साल बाद पता चला कि जय जिससे वह प्यार करती थी। वह पहले से शादीशुदा है। उसका एक 15 साल का बेटा भी है। तब जय से दूरी बना ली। गुरुवार सुबह पीड़िता जब अपने रूम पर पहुंची। तब पीछा करते हुए वह आया। बुरी नीयत से हाथ पकड़ा। बातचीत का दबाव बनाने लगा। तब कहा कि तुम शादी शुदा हो पीछा मत किया करो और यहां से चले जाओ तो। तब वह गालियां देने लगा। मारपीट कर दी। हाथ में से मोबाइल छीन कर फेंक दिया। आसपास के लोग आए तो वह धमकी देकर चला गया। यह बात अपनी बहन को बताई। उसके साथ थाने आई और मामले में जयनारायण के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

# स्कूल की दुर्दशा,10x10 फ़ीट के एक रूम में 5 क्लास

## आधे कमरे में आधे नाली किनारे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर बच्चे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। पहली से पांचवी तक की पांच कक्षा,60 बच्चे,दो टीचर,और स्कूल का भारी भरकम सामान रखकर शहर के मध्य 10x10 के एक रूम में संचालित हो रहा है प्राथमिक स्कूल। हालात ये है की पहली से दूसरी तक दो क्लास रूम में और तीसरी से पांचवी तक की तीन क्लास नाली किनारे पेड़ के नीचे खुले में लग रही है। ये हालात शहर के एक स्कूल के तब है जब स्कूल सीएम के गृह नगर में होने के साथ साथ उनके ही विधानसभा में संचालित हो रहा है।**

शहर के मध्य जवाहर नगर में संचालित होने वाले कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सैकड़ो छात्र छत्राए सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। कई बार वादे हुए दो बार विधानसभा और दो बार लोकसभा के चुनाव निकल गए लेकिन स्कूल की तस्वीर नहीं बदली स्कूल की दुर्दशा बीते 9 वर्षो से इसी तरह बनी हुई। स्कूल की शिक्षिका निहारिका कोठरी ने बताया कि 2015 से स्कूल इसी तरह सुविधाओं के आभाव में संचालित हो रहा है। अभी एडमिशन खुले है। बच्चे एडमिशन के लिए आ भी रहे है लेकिन हमें मना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश और धुप से होती है। इतने बच्चे बिठाये कहा पर समझ नहीं आता है। जब भी बारिश जैसा लगता है तो हम बढ़े बच्चो को बिठा लेते है और छोटे बच्चो को घर जाने का बोल देते है ही आए।डीओ भी कई बार आये भोपाल तक कोशिश की लेकिन कुछ नहीं हुआ अब सीएम हमारे शहर के ही है तो अब उम्मीद जागी है की इसी खाली पड़ी जगह पर स्कूल बनकर तैयार हो जाए ताकि पिछले 10 वर्षो से चल रहे स्कूल में कुछ सुधार हो जायेगा। ताकि बच्चो का भविष्य बन सके।

### सड़क किनारे पेड़ के निचे लग रही क्लास -

अपने भविष्य संवारने के लिए आ रहे बच्चे स्कुल में दूसरा अन्य रूम नहीं होने की वजह से स्कूल के बाहर खाली पड़ी जगह में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करने पर मजबूर है। जिस जगह पर बच्चे बैठते है उस जगह बड़ी नाली है। और यही पर बच्चे रोजाना अपना मध्यान्ह भोजन भी करते है। स्कूल के छात्र ने बताया कि बारिश और तेज धुप में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। एक रूम में इतने बच्चे बैठ जाते है की बेग रखने की भी जगह नहीं होती है।

### खुले में करते शौच -

स्कूल बीते 9 वर्षो से इसी तरह संचालित हो रहा है। दो शिक्षिकाओं के लिए दो टेबल और दो कुर्सी के अलावा यहाँ कुछ नहीं है , बच्चे जमीन पर बैठते है , ख़ास बात ये की स्कूल में मुलभुत सुविधा शौचालय तक नहीं है। ऐसे में बच्चे खुले में शौच करने जाते है आसपास की कॉलोनी का इलाका होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।सबसे ज्यादा दिक्कतों का समाना महिला टीचर और छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।

### स्कूल और कार्यालय 60 बच्चे और सामान सभी 100 फ़ीट के रूम में -

जवाहर नगर का शासकीय प्राथमिक कुशाभाऊ ठाकरे विद्यालय में 10x 10 का छोटा कक्ष है। उसमें पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं लगाई जाती है। स्कूल कार्यालय का काम भी किया जाता है। कक्ष के भीतर ही स्कूल का सामान रखा हुआ है। स्कूल में बच्चे 60 रजिस्टर्ड हैं। उपस्थिति भी हर दिन औसतन 50 से अधिक विद्यार्थियों की रहती है,लेकिन इस एक कमरे में ही स्कूल कार्यालय कक्षा और स्कूल का सामान भी है साथ ही। बरसात में नाला उफान आने पर पानी कक्ष के बाहर भर जाता है। इसके अलावा अन्य मवेशी घूमते रहते हैं। स्कूल के एक मात्र कक्ष की छत में रिसन है। कमरे में सीलन बनी हुई है।

### जमीन को लेकर विवाद, निर्माण अधर में-

शासकीय प्राथमिक कुशाभाऊ ठाकरे विद्यालय जवाहर नगर के लिए राशि आवंटन के बाद भवन का निर्माण प्रारंभ भी हो गया था। भवन का निर्माण पिलिंथ हाइट तक ही हुआ था कि इस पर पुलिस विभाग आपत्ति आ गई। दरअसल जवाहर नगर उज्जैन विकास प्राधिकरण की योजना में निर्मित है। इस स्थान पर योजना में पुलिस चौकी के साथ प्राथमिक विद्यालय सह वाचनालय के लिए जमीन आरक्षित है। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जमीन की वास्तविक पड़ताल किए बगैर स्कूल भवन का निर्माण प्रारंभ कर दिया। इस पर आपत्ति आ गई और भवन निर्माण को रोकना पड़ गया। इसके बाद भी आगे की कार्रवाई के लिए किसी ने भी में कोई सुध नहीं ली है। अब 10 वर्षो से इसी तरह स्कूल संचालित हो रहा है।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बिना अनुमति बढ़ा दी हवाई पट्टी

## अब 47 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पचमढ़ी। पचमढ़ी में पीडब्ल्यूडी ने बिना अनुमति हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने के लिए टाइगर रिजर्व ईको सेंसेटिव जोन से खिलवाड़ किया और डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर दिए। एनजीटी कोर्ट की रोक के बाद अब पीडब्ल्यूडी ने यू-टर्न लेते हुए हवाई पट्टी के जीर्णोद्धार के लिए 47 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।**

यानी पचमढ़ी में मिनी एयरपोर्ट नहीं बनेगा। दरअसल, पचमढ़ी में काफी पुरानी 1200 मीटर की हवाई पट्टी को 1800 मीटर कर हेलीपेड निर्माण और छोटे हवाई अड्डे के रूप में विस्तार देने निर्माण कराया गया था। छिंदवाड़ा निवासी कैप्टन ब्रजेश भारद्वाज ने ईको सेंसेटिव टाइगर रिजर्व क्षेत्र में निर्माण पर आपत्ति लेकर लिखित शिकायत केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को भेजी। मामला एनजीटी कोर्ट दिल्ली ने संज्ञान में लिया और निर्माण पर रोक लगा दी।

*फिलहाल हवाई पट्टी के विस्तार का काम बंद हैं। शिकायत के बाद एनजीटी की जांच चल रही है। निर्माण के पहले पीडब्ल्यूडी को टाइगर रिजर्व ईको सेंसेटिव जोन के लिए जो अनुमतियां लेनी चाहिए वह पहले नहीं ली गई थी। आवश्यक अनुमतियां पीडब्ल्यूडी को निर्माण शुरू कराए जाने के पहले लेने के लिए कहा गया है।*

**-एल कृष्णमूर्ति, क्षेत्र संचालक एसटीआर**

# नए सत्र में रैगिंग रोकने की तैयारी

## जेयू में काउंसलरों की नियुक्ति होगी, मिलेगा मानदेय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में नया सत्र शुरू हो चुका है। लेकिन अब तक रैगिंग रोकने की गतिविधियां अभी शुरू नहीं हुई हैं। हालांकि इसको लेकर कहीं तैयारी शुरू ही नहीं हुई तो कहीं आधी-अधूरी है। जेयू में पिछले साल रैगिंग के मामले की यूजीसी तक शिकायत पहुंचने के बाद इस बार एहतियात बरती जा रही है। इस बार जेयू में रैगिंग न हो, इसलिए विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए काउंसलर नियुक्त किए जाएंगे। प्रॉक्टर प्रो. एसके सिंह ने इसके लिए प्रस्ताव दिया था और कार्यपरिषद में इसे मंजूरी मिल गई है अब जेयू में जल्द ही काउंसलर की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**काउंसलर इसलिए जरूरी-** रैगिंग निषेध से संबंधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम 2009 में स्पष्ट है कि पेशेवर काउंसलरों की सेवा अथवा सहायता लें और शैक्षणिक वर्ष प्रारंभ होने के बाद भी नए तथा अन्य छात्रों की काउंसलिंग कराएं। जेयू में जो काउंसलर नियुक्त किए जाएंगे उन्हें प्रति दिवस के हिसाब से 2 हजार रुपए का मानदेय दिया जाएगा।

# मौत से पहले लिखा-जिंदगी नर्क बन गई, जीना मंजूर नहीं

## महिला की मौत, परिजन बोले-पति ने जहर देकर कमरे में बंद किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर । जबलपुर में जहर खाने के बाद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक महिला ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। 23 जुलाई को उसे गंभीर हालत में यहां भर्ती कराया गया था।**

मृतक का नाम आरती रजक (उम्र 37 वर्ष) है। परिजन का आरोप है कि आरती के पति ने ही उसे जहर देकर कमरे में बंद कर दिया था। जिसके बाद जैसे-तैसे वह कमरे से बाहर निकलकर अपने मामा के घर पहुंची। जहां से उसे इलाज के लिए शहपुरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। फिर हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया था।

आरती के लिखे दो नोट भी सामने आए है। जिसमें उसने पति कमलेश रजक पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। साथ ही दोनों बच्चे, 4 साल की बेटी और 3 साल के बेटे की मौत का भी जिक्र किया है। लिखा- अच्छा हुआ मेरी बेटी भी मर गई, नहीं तो तुम उसके साथ भी गलत कर सकते थे।

परिजन ने आरती के पति कमलेश के खिलाफ शहपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### मौत से पहले आरती के लिखे दो नोट के अंश

11 जुलाई 2024: 11 जुलाई को लिखे नोट में आरती ने कहा- अब तो पानी सिर के ऊपर चला गया है। अब तक तो गंदे आरोप लगाए। अब चोरी के आरोप भी लगने लगा। हर तरफ से हमें मारने की सोच रहा है। जिंदगी नरक बन गई है। जीने की कोई वजह नहीं है। कैदी की जिंदगी जीने से अच्छा है कि मर जाऊं। अब तो मरना मंजूर है, लेकिन जीना नहीं है।

**19 जुलाई 2024:** 19 जुलाई को लिखे एक और नोट में कहा- हमें भूख भी लगी, प्यास भी लगी। इतना ही नहीं गर्मी भी लग रही थी और यह यहां-वहां घूमता रहा। पूरे पूरे दिन पता नहीं चलता कि कहां है। पास में पैसा हो तो फिर जमीन पर पैर नहीं रखा और पैसा खत्म तो जमीन पर गिर गए। अभी 8 दिन से पैसा नहीं रहा तो घर के बाहर नहीं निकले और आज दस हजार रुपए मिल गए तो देखो 9 बजे से पता नहीं है। पूरा दिन हो गया हैं, घर नहीं आए।

### शादी के कुछ समय बाद ही करने लगा था मारपीट

गोहलपुर निवासी आरती रजक की 2013 में शहपुरा के रहने वाले कमलेश रजक के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद चंद महीने ही अच्छे से बीते थे, आरोप है कि इसके बाद से शराब के नशे में धुत होकर कमलेश ने आरती के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करना, उसे भूखा रखना, उसके लिए आम बात हो गई थी।

आरती ने जब अपने माता-पिता को पति की हरकत बताई तो उसे समझाने की कोशिश की गई। इस पर कमलेश ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें घर से भगा दिया।

### आरती के जीजा का आरोप-दोनों बच्चों को भी दिया जहर

2019 में आरती की बेटी और बेटे की जहर खाने से मौत हो गई थी। आरती रजक के जीजा गणेश रजक ने बताया कि कमलेश की आरती के साथ दूसरी शादी हुई है। आरती से उसे दो बच्चे हुए। बेटी चार साल की रिया और बेटा तीन साल का। दोनों बच्चों को कमलेश ने जहर देकर मार डाला। पत्नी को धमकाया कि अगर किसी को कुछ पता चला तो इल्जाम अपने ऊपर लेना और ऐसा नहीं किया तो अगला शिकार तेरा भाई महेंद्र होगा। पति के डर से दोनों बच्चों की मौत के बाद भी आरती चुप रही। गणेश रजक ने बताया कि बीते दस दिनों से आरती के साथ मारपीट की जा रही थी, उसे भूखा रखा जाता था।

मृतिका के जीजा ने बताया कि 23 जुलाई को आरती को जहर देकर कमरे में बंद कर दिया। जैसे-तैसे वह बाहर निकली और गांव से अपने मामा सतीश के घर शहपुरा पहुंची, हालत नाजुक होने के कारण उसे मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की दोपहर को उसकी मौत हो गई।

### शरीर में निशान देखने के लिए महिला पुलिस नहीं थी

गणेश रजक ने बताया कि आरती को जब मामा शहपुरा थाने ले गए और बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। तो थाने में महिला पुलिसकर्मी ना होने के कारण मारपीट के निशान देखने वाला कोई नहीं था। परिवार वालों का आरोप है कि कमलेश ने चौथी हत्या की है। इससे पहले कमलेश ने अपनी पहली पत्नी, फिर दोनों बच्चे और अब आरती की जहर देकर हत्या की है।

**पुलिस को सौंपे मृतक आरती के लिखे दोनों नोट-** आरती के परिजन की शिकायत पर शहपुरा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर का कहना है कि परिवार वालों ने आरती के लिखे कुछ नोट भी दिए है, जिसकी जांच करवाई जा रही है। मेडिकल कॉलेज से मर्ग डायरी और पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों की शिकायत पर कमलेश रजक को अभिरक्षा में ले लिया गया है ।

**कमलेश को कस्टडी में लेकर श्मशान घाट पहुंची पुलिस-** आरती की मौत हो जाने के बाद शाम पांच बजे आरती रजक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। आरती के पति कमलेश को पुलिस अपने साथ लेकर पहुंची थी। इसके बाद अंतिम संस्कार की सारी रस्में उसी ने निभाईं।

# संपादकीय

## शब्द अनुचित

हाल के महीनों में नीतीश कुमार के कई बार नाहक ही आपा खोने, कुछ बयानों और हावभाव ने राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच गैरजरूरी चर्चाओं को जन्म दिया! इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी सरकार ने तंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए बिहार में महिलाओं के लिए पचास फीसद तक आरक्षण की व्यवस्था की, स्कूली शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए। बिहार में शराबबंदी के पीछे भी उनका मकसद महिलाओं को सामाजिक-पारिवारिक जटिलताओं और हिंसा से बचाना था। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार को एक विकासपरक सोच वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। खासतौर पर महिलाओं के हित में उनकी सरकार के कुछ काम महत्त्वपूर्ण रहे हैं। मगर पिछले कुछ समय से उनकी जुबान जिस कदर फिसल या लड़खड़ा रही है, उससे हैरानी होती है कि क्या ये वही नीतीश कुमार हैं जिन्हें भारतीय राजनीति में एक शालीन और महिलाओं के हितचिंतक राजनेता के रूप में देखा जाता रहा है! बुधवार को बिहार विधानसभा में राज्य के संशोधित आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर चल रहे विपक्ष के हंगामे के बीच राष्ट्रीय जनता दल की महिला विधायक रेखा देवी को उन्होंने कह दिया कि 'अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो'! एकबारगी इस तरह का बयान चौंकाने वाला लगता है कि सरकार के मुखिया रहते हुए नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए जिस तरह कई अहम फैसले लिए, उसके बरक्स वे अपने विचार अभिव्यक्त करने वाली एक महिला विधायक को चुप कराने की मंशा से अपमानजनक तरीके से भी संबोधित कर सकते हैं! राज्य और देश की राजनीति में लंबा वक्त देने, एक परिपक्व और सौम्य व्यक्तित्व माने जाने और महिलाओं के हित में कई कदम उठाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह क्यों लगता है कि कोई महिला विधायक इसलिए कुछ नहीं जानती है, क्योंकि वह महिला है! हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है कि नीतीश कुमार के मुंह से महिलाओं को अपमानित करने वाली इस तरह की भाषा का प्रयोग सुना गया। इससे पहले विधानसभा में ही अपने वक्तव्य में जनसंख्या नियंत्रण के मसले पर बोलते हुए वे नाहक ही आपत्तिजनक और अवांछित भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव और राजनीतिक अभियानों में भी वे अपने प्रतिद्वंद्वी नेता और उनके परिवार के बारे में दुराग्रहपूर्ण बातें बोल चुके हैं। अफसोसनाक यह भी है कि इस तरह की बातें उन्होंने किसी निजी दायरे की बातचीत में नहीं की, बल्कि सार्वजनिक मंचों पर अपने संबोधनों में की। ऐसा बोलते हुए उन्हें शायद एक पल के लिए भी नहीं महसूस हुआ कि उनके ऐसे बोल का संदेश आम जनता और खासकर महिलाओं के बीच कैसा जाएगा और खुद उनके व्यक्तित्व को किस नजरिए से देखा जाएगा!




**हाफिज नूरानी, शेखचिल्ली के पुराने मित्र थे। नारनौल कस्बे में उनका अच्छा व्यापार था। लेकिन, उनकी बीवी नहीं थी, वे अपनी बड़ी हवेली में बेटे-बहू के साथ रहते थे। बेटे का ब्याह हुए सात साल बीत गए थे, लेकिन उसकी कोई संतान नहीं थी। हाफिज साहब को हमेशा यही फिक्र लगी रहती थी कि खानदान कैसे आगे बढ़ेगा।**

एक रोज उन्होंने शेखचिल्ली को एक खत लिखा और उससे इस मामले में राय मांगी। शेखचिल्ली कुरुक्षेत्र के पीर बाबा का मुरीद था और कोसों दूर रहने के बावजूद वो समय निकालकर बीच-बीच में वहां आते-जाते रहता था। एक दिन वह हाफिज नूरानी के बेटे-बहू को अपने साथ पीर बाबा के पास ले गया। वहां पीर बाबा ने मंत्र फूंका और बहू को पानी पिलाया और साथ ही एक ताबीज उसकी बाजू पर बांध दिया। इसके बाद पीर बाबा बोले, 'अल्हा ने चाहा, तो इस साल आपकी मुराद जरूर पूरी होगी।'

पीर बाबा के ताबीज का असर हुआ और एक साल के अंदर ही बहु के बेटा हुआ और हाफिज नूरानी दादा बन गए। देखते ही देखते हाफिज साहब का आंगन खुशियों से भर गया। इस खुशी को मनाने के लिए जश्न का आयोजन किया गया और शेखचिल्ली को खास न्यौता भेजा गया। न्यौता पाकर शेखचिल्ली बहुत खुश हुआ और उसने अपनी बेगम को जल्दी तैयारी करने के लिए कहा। बेगम झटक कर बोल पड़ी, 'क्या खाक तैयारी करूं, न पहने को कुछ है और न ही ओढ़ने को कुछ। इस हालत में गई, तो जग हंसाई हो जाएगी।

बेगम की बात सच थी, इसलिए शेखचिल्ली खामोश हो गया। वो जानता था कि हाफिज साहब नारनौल के बड़े आदमी हैं और उनके यहां जश्न बड़ा होता है। ऐसे में शेखचिल्ली कुछ तरकीब सोचने लगा।

नवाब साहब का धोबी शेखचिल्ली की काफी सुनता था। कुछ ही दिन पहले उसने नवाब के गुस्से से उसे बचाया था और उसने शेखचिल्ली से कहा था कि वक्त आने पर वो उसके लिए जान तक दे देगा। यह घटना याद आते ही शेखचिल्ली उसके पास गया और उसने अपने लिए और बेगम के लिए कुछ नए कपड़े मांगे। शेखचिल्ली ने धोबी से कहा कि नारनौल से वापस लौटते ही मैं कपड़े तुम्हें वापस दे दूंगा। धोबी घबरा गया, लेकिन वह वादा कर चुका था। किसी तरह जी कड़ा करके उसने शेखचिल्ली को कपड़े दिए और बोला, 'ये कपड़े नवाब और उनकी भांजी के हैं। सही-सलामत वापस कर देना।' शेखचिल्ली ने हां में जवाब दिया और कपड़े लेकर घर लौट आया।

बेगम ने कपड़े देखे, तो बहुत खुश हुई। बेगम बोली, 'कपड़े मिल गए, लेकिन जूते-चप्पलों का इंतजाम कैसे होगा?' नारनौल पैदल तो जाएंगे नहीं। सवारी का क्या होगा? शेखचिल्ली मोची के पास पहुंचा। वो मोची से बोला कि मेरे लिए और बेगम के लिए जूतियां चाहिए। मोची ने कई जूतियां दिखाई। शेखचिल्ली ने सबसे कीमती जूतियां पसंद कर ली। उसने कहा, 'एक बार बेगम को दिखा लाता हूं, तब खरीदूंगा।' मोची मान गया। शेखचिल्ली जूतियां लेकर घर आ गया। अब केवल सवारी का इंतजाम बाकी था।

इलाके में सबसे अच्छी घोड़ा-गाड़ी घनश्याम के पास थी। वह उसे किराए पर भी देता था। शेखचिल्ली उसके पास जा पहुंचा और बोला, मुझे नवाब साहब के किसी काम के लिए नारनौल जाना है। नवाब साहब की बग्घी का एक घोड़ा बीमार हो गया है, इसलिए अपनी घोड़ा-गाड़ी मुझे दे दो। किराया मैं नवाब साहब से दिलवा दूगां। घनश्याम ने लालच में आकर घोड़ा-गाड़ी उसके हवाले कर दी। घर पहुंचकर शेखचिल्ली ने बेगम को उठाया और नारनौल के लिए निकल पड़ा।

नारनौल उस वक्त एक कस्बा था। शाही ठाठ-बाट के साथ शेखचिल्ली और उसकी बेगम वहां पहुंचे। उन्हें देखते ही इलाके में हलचल मच गई। दूर-दूर तक उनकी अमीरी के चर्चे गुंजने लगे। जश्न में वे पहले मेहमान थे, इसलिए उनकी खूब खातिरदारी हुई। वहां उसे जाफरानी तम्बाकू वाला हुक्का पेश किया गया। शेखचिल्ली यूं तो हुक्का पीना बहुत पहले ही छोड़ चुका था, लेकिन यहां मुफ्त का हुक्का पाकर वह भी कश पर कश लगाने लगा।

तभी जश्न के मजे पर पानी फिर गया। हाफिज नूरानी के कुछ दोस्त नवाब के घराने से जुड़े थे। हाफिज ने उन्हें शेखचिल्ली से मिलवाया। उन्होंने शेखचिल्ली के कपड़े पहचान लिए। लेकिन, उस वक्त किसी ने कुछ कहा नहीं पर शेखचिल्ली उनके बर्ताव से भांप गया था कि उसकी पोल खुल चुकी है। धीरे-धीरे पूरे इलाके में फुसफुसाहट होने लगी, जिसकी भनक शेखचिल्ली को भी लगी। बस हुक्का पकड़े-पकड़े भागे बेगम को खोजने। बेगम के मिलते ही बोले, 'जल्द सामान बांधों और यहां से निकलो। कपड़ों की पोल खुल चुकी है। कहीं धोबी के साथ-साथ हम भी न रगड़े जाएं।'

किसी तरह शेखचिल्ली और उसकी बेगम जश्न के बीच से जान बचाकर निकले और नारनौल के बाहर आकर ही दम लिया। तभी बेगम तुनककर बोल पड़ी, 'सत्यानाश हो उन निगोड़ों का जिन्होंने हमारे कपड़े पहचाने। अच्छा भला हम जश्न मना रहे थे, लेकिन सारा मजा किरकिरा हो गया।' तभी उसका ध्यान शाही हुक्के पर गया, जिसे शेखचिल्ली ने हाथ में पकड़ा हुआ था। बेगम बोली, 'यह हुक्का क्यों उठा लाए? नूरानी भाई इसे खोजते हुए बेकार हाय-तौबा मचाएंगे।' लेकिन, शेखचिल्ली तो इतने गुस्से में था, जैसे अभी उन लोगों को मार खाएगा। बेगम की बात सुनते ही वो बोल पड़ा, 'मेरा बस चले, तो मैं अभी के अभी उन सभी को फांसी पर चढ़ा दूं। भला नवाबों के कपड़ों में क्या नाम लिखा होता है, जो वैसे कपड़े कोई और नहीं पहन सकता।'

शेखचिल्ली बोला, 'काश मुझ पर अल्लाह का थोड़ा रहम हो जाए, तो मैं इन सब को देख लूंगा। सबसे पहले नूरानी के जश्न में जाऊंगा और उन कमबख्तों को ऐसी नजर से देखूंगा कि वे सिर से पांव तक शोला बन जाएंगे। इधर-उधर भागते फिरेंगे और शोर मच जाएगा। दूसरे लोग उनसे बचते फिरेंगे और उन पर पानी डालेंगे।' इतने में बेगम बोल पड़ी, 'अगर वे भागते-भागते जनानखाने में जा घुसे, तो क्या होगा? वहां भी भगदड़ मच जाएगी। औरतें अपने को छिपाती फिरेंगी। बेगम तो चल फिर भी नहीं पाएंगी। ऐसे में उनकी जान कैसे बचेगी। देखते ही देखते वहां सब कुछ खाक हो जाएगा।' दोनों इतना सोच ही रहे थे तभी हुक्का हाथ से छूट कर गिर गया। देखते ही देखते घोड़ा-गाड़ी में धुंआ भर गया। साथ ही धोबी से उधार मांगे कपड़ों में से भी चिंगारियां उठने लगी।

### कहानी से सीख

हमें अपनी असल पहचान से नहीं भागना चाहिए और दिखावे की जिंदगी से दूर रहना चाहिए।

Bihar

# जीजा के प्रेम में पागल साली की खौफनाक करतूत, सगे भाई को पीट-पीटकर मार डाला; भाभी पर यह आरोप

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर से रूह को कंपा देने वाली खबर आई है। जीजा से अपनी बहन के अवैध प्रेम संबंध का विरोध करने पर एक भाई को जान से हाथ धोना पड़ा। घटना कांटी थाना के अकुराहां गांव की है। युवक की अपनी ही बहन, बहनोई और बड़े भाई और भाभी ने मिलकर बेरहमी से रॉड से पीट-पीटकर हत्या की गई। घटना के बाद घर से खून साफ कर शव को श्मशान में ले जाकर जलाया गया। मृत युवक रितेश की पत्नी ने अपने मायके से आकर पति की हत्या की शिकायत थाने में दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस मामले की जांच के लिए एफएसएल की टीम लेकर युवक के घर पहुंची।





एफएसएल जांच में स्पष्ट हुआ कि हत्या के बाद घर में पसरे खून को पानी से धोया गया है। इसके बाद शव को जला रहे लोगों को पकड़ने पुलिस टीम श्मशान पहुंची। वहां आधे से अधिक जल चुके शव को छोड़कर युवक के घर के लोग फरार हो गए। पुलिस ने अधजले शव को जब्त कर लिया। फिर पॉली बैग में बांधकर शव के अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया। मामले में पुलिस ने युवक की बहन को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

इस मामले में डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद ने बताया कि रितेश की बहन का उसके जीजा के साथ नाजायज संबंध चल रहा था। इसकी भनक उसे लगी तो अपनी बहन के अवैध संबंध का विरोध करता था।

Uttarpradesh

## इश्क में प्रेग्नेंट भाभी ने देवर से मंदिर में रचाई शादी, बड़ा भाई बना बाराती



**जौनपुर, (एजेंसी)** यूपी के जौनपुर में एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है। यहां बड़े भाई ने अपनी पत्नी की शादी अपने छोटे भाई से करवा दी। दरअसल, भाभी और देवर में प्रेम प्रसंग चल रहा था। भाभी प्रेग्नेंट हो गई थी और पति ने साथ रहने से मना कर दिया था। ऐसे में प्रेमी देवर ने अपनी सगी भाभी से गुरुवार को कोर्ट में शादी करने के बाद जोगीबीर बाबा मंदिर पर आकर हिन्दू रीति रिवाज से सिंदूर डालकर सात फेरे भी लिया।

गांव निवासी शिरोमणि गौतम के बड़े लड़के बहादुर गौतम की शादी सरायख्वाजा क्षेत्र के पल्हामऊ गांव की निवासी सीमा गौतम से 26 मई 2023 को हिन्दू रीतिरिवाजों के साथ हुई थी। भाभी का अपने देवर सुंदर गौतम से प्रेम संबंध हो गया। इसके बाद दोनों का मिलना जुलना ज्यादा हो गया। बहादुर गौतम को अपनी पत्नी व अपने छोटे भाई के अवैध संबंध के बारे जानकारी हो गई। परन्तु परिवार वालों के समझाने पर मामला कुछ दिन तक शांत रहा। लेकिन जब बहादुर गौतम को जब पता चला कि उसकी पत्नी प्रेग्नेंट है तो वो उसे अपने साथ रखने से मना कर दिया।

बहादुर ने आरोप लगाया कि ये हमारा बच्चा नहीं है। ये हमारे छोटे भाई सुंदर गौतम का है। धीरे धीरे ये बात परिवार के साथ-साथ गांव व रिश्तेदारों में फैल गई। गुरुवार को परिवार के लोग व रिश्तेदार कोर्ट में जाकर सुंदर तथा सीमा का कोर्ट मैरिज करवा दिए। इसके बाद प्रसिद्ध जोगीबीर बाबा मंदिर पर आकर कर सात फेरे लेकर शादी करके सुंदर गौतम सीमा को अपनी दुल्हन बनाकर घर गया।

Jammu

## माछिल सेक्टर में सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़, 4 जवान जख्मी, 1 शहीद, एक आतंकी भी ढेर

**कुपवाड़ा, (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है. बताया जा रहा है कि इलाके में कई आतंकी छिपे हैं. जवानों ने एक आतंकी को ढेर भी किया है. अब रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में चार जवान घायल हुए हैं, जिनमें एक मेजर रैंक के अधिकारी भी हैं. एक जवान शहीद हो गए. मुठभेड़ पर भारतीय सेना की तरफ से बयान भी आया है. सेना ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में माछिल सेक्टर स्थित कामकारी में फॉर्वर्ड पोस्ट पर अज्ञात कर्मियों के साथ गोलीबारी हुई. सेना के मुताबिक, इस गोलीबारी में एक पाकिस्तानी मारा गया है, जबकि घायल जवानों को मौके से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया.सुरक्षा बलों को कुपवाड़ा में आतंकियों के छिपे होने की पहले ही जानकारी मिली थी. यहां पिछले कई दिनों से सेना एंटी टेरर ऑपरेशन चला रही है. कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान की तरफ से किया गया एक BAT अटैक है. मसलन, BAT का मतलब होता है बॉर्डर एक्शन टीम, जिसमें पाकिस्तानी सेना के कमांडो और आतंकी शामिल होते हैं.

Rajasthan

## टोने-टोटके के शक में तलवार से दोस्त को मारा, पुलिस पकड़ने आई तो खुद का काटा गला, मौत

**सलूंबर, (एजेंसी)** राजस्थान के सलूंबर जिले के जावरमांइस थाना क्षेत्र के अदवास गांव में गुरुवार रात 40 वर्षीय अध्यापक शंकरलाल मेघवाल की हत्या करने वाले आरोपी फतह सिंह ने गला काटकर आत्महत्या कर ली. इसी तलवार से उसने जादू-टोने के वहम और अंधविश्वास के कारण अध्यापक की हत्या की थी.जानकारी के मुताबिक फतह सिंह और शंकरलाल पहले दोस्त थे. फतह सिंह को पिछले कुछ समय से यह लगने लगा कि उसके दोस्त शंकरलाल ने उस पर जादू-टोना किया है. यही वजह है उसकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. जबकि शंकरलाल दिन प्रतिदिन तरक्की करता चला जा रहा है.

अध्यापक शंकरलाल की हत्या के बाद आरोपी



फतह सिंह को पकड़ने के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए थी. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम ने जंगल क्षेत्र में छापा भी मारा. जहां पुलिस ने फतह सिंह को देखा तो उसे पकड़ने के लिए उसकी तरह बढ़ी. इसी दौरान फतह सिंह ने उसी तलवार से खुद का गला काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई.

खेल

# सिंधू और शरत की अगुआई में भारतीय दल ने समारोह में लिया हिस्सा

**पेरिस, (एजेंसी) सीन नदी के किनारे भारतीय समयानुसार देर रात पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय ध्वजवाहक पीवी सिंधू और अचंता शरत कमल की अगुआई में भारतीय दल ने देशों के बोट परेड में हिस्सा लिया। पेरिस में 1900 और 1924 के बाद तीसरी बार ओलंपिक हो रहे हैं। छह किलोमीटर की परेड आस्टरलिज ब्रिज से शुरू हुई जिसमें 85 नावों में 205 देशों के 6800 से अधिक खिलाड़ी सवार थे और एक शरणार्थी ओलंपिक टीम भी थी। भारी संख्या में खिलाड़ियों ने कल स्पर्धाएं होने के कारण उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लिया।**



भारतीय दल की अगुआई दो ध्वजवाहकों दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और टेबल टेनिस दिग्गज अचंत शरत कमल ने की। आयोजकों ने सुरक्षा और लॉजिस्टिक की चुनौतियों से पार पाते हुए पूरे शहर को उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनाकर अभूतपूर्व नजारा पेश किया। भारत के 117 खिलाड़ी इन खेलों में भाग ले रहे हैं जिनमें 47 महिलाएं हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक पीवी सिंधू ने कार्यक्रम से पहले अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। उद्घाटन समारोह के दौरान सीन नदी पर मौजूद दर्शकों और अन्य गणमान्य लोगों का अभिवादन स्वीकार करते भारतीय दल के ध्वजवाहक शरत कमल और पीवी सिंधू। सिंधू और शरत की अगुआई में भारतीय दल ने तिरंगा लेकर सभी का अभिवादन किया।

उद्घाटन समारोह से पहले पारंपरिक अंदाज में भारतीय खिलाड़ी। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लवलीना से इस बार भी पदक लाने की उम्मीद है।

सिनेमा

## 'कांतारा 2' का शूट खत्म, फिर धमाका करने को तैयार ऋषभ शेट्टी, सामने आई रिलीज की डिटेल्स!



कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री से आई फिल्म 'कांतारा' ने 2022 में लोगों को एक तगड़ा सरप्राइज दिया. माइथोलॉजी से जुड़ी एक शानदार कहानी लेकर आई सी फिल्म में कन्नड़ एक्टर ऋषभ शेट्टी के काम ने जनता को हैरान कर दिया. फिल्म के क्लाइमेक्स में उन्हें बड़े परदे पर देखकर लोग जैसे मंत्रमुग्ध रह गए. ऋषभ ने भी फिल्म डायरेक्ट भी की थी.

रिपोर्ट्स के हिसाब से सिर्फ 16 करोड़ रुपये के बजट में बनी 'कांतारा' का क्रेज पूरे देश पर ऐसा छाया कि इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ रुपये से ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन किया था. कन्नड़ के साथ-साथ ये फिल्म तेलुगू और हिंदी में भी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. धुआंधार कामयाबी देखते हुए मेकर्स ने 2023 में 'कांतारा' का सीक्वल अनाउंस किया था और अब इसे लेकर बड़ी खबर आ रही है.

पिछले साल मेकर्स ने एक धमाकेदार फर्स्ट लुक के साथ जनता के साथ 'कांतारा 2' की अनाउंसमेंट शेयर की थी. इसे देखने के बाद से ही लोग बेसब्री से नई फिल्म का इंतजार करने लगे थे. ये जानकारी भी शेयर की गई थी कि 'कांतारा 2' असल में सीक्वल नहीं, बल्कि प्रीक्वल होगी. यानी इसमें पहली फिल्म से पीछे की कहानी होगी.




1. **Cloudburst triggers flash floods, cuts off road connectivity in U'khand**
2. **Actor John Vijay accused of ogling at women, harassing journalist; Chinmayi shares complaints**
3. **Dhruv Rathee parody account user summoned over fake news on Om Birla's daughter**
4. **Decline in vulture population in India led to 500,000 human deaths**

# G20 financial chiefs flag global economic 'soft landing', warn of risks from war

**NEW DEIHI, (Agency).** RIO DE JANEIRO -G20 financial leaders said on Friday the global economy was likely heading for a "soft landing", but warned wars and escalating conflicts could endanger this outlook, while more global cooperation could make growth stronger.

In a joint communique after a two-day meeting in Brazil, finance ministers and central bankers from the Group of 20 major economies also committed to resist protectionism in trade and stressed the need to reduce economic inequalities. Last month, the World Bank forecast that the global economy would avoid a third consecutive decline in growth since a major post-pandemic jump in 2021, with 2024 growth stabilising at 2.6%, in line with 2023, but warned that overall output would remain well below pre-pandemic levels through 2026. "We are encouraged



by the increasing likelihood of a soft landing of the global economy, although multiple challenges remain," the communique said. "Downside risks include wars and escalating conflicts," it said. By avoiding explicit mention of the conflicts in Ukraine and Gaza, diplomats have worked to sidestep the disagreements between Russia and major Western nations that derailed a consensus at the finance chiefs' gathering in February. To defuse the disagreement, Brazil drafted a chair statement on geopolitical issues, stressing that these matters will be addressed by G20 leaders in November. "The G20 made a wise decision to put geopolitical issues in their place to allow the cooperation agenda to move forward," Brazil Finance Minister Fernando Haddad told a news conference. Haddad also hailed the group's first-ever declaration calling for cooperation to effectively tax the world's largest fortunes, although that separate joint statement papered over disagreements about the right forum to advance the agenda.

# Fresh blow to Vijay Mallya as SEBI bars fugitive liquor baron from securities trading for 3 years

**NEW DEIHI, (Agency).** The Securities Exchange Board of India (SEBI) on Friday barred fugitive liquor baron Vijay Mallya from trading in India's securities market and from associating with any listed firm for three years, Reuters reported.

SEBI said that Mallya's "existing holding of securities including the holding of units of mutual funds... shall remain frozen".

Looking for Instant Cash? Get Best Personal Loan offers upto 10 lakh. Apply and Get Money in your bank account Instantly

The 68-year-old businessman owns an 8.1% stake in Kingfisher beer-maker



United Breweries, per exchange data, and is the company's chairman. He also owns a 0.01% stake in Smirnoff vodka-maker United Spirits.

Mallya is accused of a bank loan default case worth ₹9,000 crore involving his now-defunct Kingfisher Airlines. He was declared a Fugitive Economic Offender in 2019 by a special court for cases under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA). Mallya had left India in March 2016 and now lives in the United Kingdom.

On July 1, a special CBI court in Mumbai issued a non-bailable warrant against him in a ₹180 crore loan default case linked to the Indian Overseas Bank, PTI reported.

The CBI, probing the case, has alleged that Vijay Mallya caused a wrongful loss of more than ₹180 crore to the government-run bank by "wilfully" defaulting in payments.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक